University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

Press Note 22 June 2020

आज दिनांक 22 जून 2020 को अभिनवगुप्त संस्थान स्वच्छंद कलाशास्त्रीय एवं शैवदार्शनिक, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के पक्ष से अभिनवगुप्त का संस्कृतशास्त्रीय अवदान पर द्वि दिवसीय राष्ट्रीय ई-संगोष्ठी का प्रारंभ हुआ । इस ई-संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री प्रोफ़ेसर दिनेश शर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। संगोष्ठी के सभाध्यक्ष पद को लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय जी ने अलंकृत किया । संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अभिनवगुप्त संस्थान के पूर्व निर्देशक प्रोफेसर नवजीवन रस्तोगी जी योगदान किया । ई-संगोष्ठी के आयोजक अभिनव गुप्तसंस्थान के निर्देशक पद्मश्री प्रोफेसर बृजेश कुमार शुक्ल जी सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत करके अभिनवगुप्त संस्थान का महत्व तथा इतिहास के संबंध में सब को अवगत कराया । उत्तर प्रदेश शासन के सौजन्य से अभिनवगुप्त संस्थान का पुनरुद्धार हो पाया है, एतदर्थ प्रोफ़ेसर शुक्ल जी उत्तर प्रदेश सरकार को कृतज्ञता ज्ञापन किया। माननीय उपमुख्यमंत्री प्रोफ़ेसर दिनेश शर्मा जी ने इस संस्था का सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है ऐसा उन्होंने बताया । लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय जी ने कहा इस प्रकार के संगोष्ठी शोधार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी है एवं इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर चलना चाहिए। सभा में उपस्थित मुख्य वक्ता अभिनवगुप्त संस्थान के पूर्व निर्देशक प्रोफ़ेसर नवजीवन रस्तोगी अभिनवगुप्त के संदर्भ में तात्त्विक तथा ज्ञानवर्धक भाव गंभीर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रांतों से विद्वानों का समागम हुआ था । इसका लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी हो रहा था । सभा के संयोजक डॉ प्रयाग नारायण मिश्र एवं डॉ अशोक कुमार शतपथी थे ।